वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 129 | सोमवार 2 सितम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## मुख्यमंत्री का नई दिल्ली दौरा

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट

### राजस्थान के विकास एवं ''राइजिंग राजस्थान-समिट'' को लेकर लोकसभा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्रियों से चर्चा की

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी से राजस्थान के समग्र विकास, प्रगति एवं जनकल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से नई दिल्ली में भेंट कर चर्चा की। शर्मा ने नई दिल्ली में ही केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश में दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले ''राइजिंग राजस्थान'' इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की विस्तृत कार्ययोजना एवं प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में निवेश आकर्षण सहित महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की।



## विधानसभा अध्यक्ष ने बाबा भर्तृहरि व पाण्डूपोल हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**जयपुर. कासं**



राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अलवर जिला स्थित भर्तृहरि धाम व पाण्डुपोल हनुमान मंदिर पंहुचकर पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संजय शर्मा मौजूद रहे। देवनानी ने कहा कि सरिस्का अभयारण्य में स्थित भर्तृहरि धाम बाबा भर्तृहरि की तपोभूमि होने के साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा में राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढावा देने हेतु धार्मिक स्थलों के उन्नयन एवं विकास हेतु कई सौगातें दी है जिनमें अलवर जिले के धार्मिक स्थल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरिस्का से पाण्डुपोल तक ईवी बेस्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू होने से धार्मिक स्थलों में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुविधा होगी जिससे रोजगार के अवसर बढने के साथ ही क्षेत्र के विकास को बल मिलेगा। सरिस्का में से केन्द्र सरकार द्वारा एलीवेटेड रोड बनाया जाना प्रस्तावित है जिससे यातायात सुगम होने के साथ वन्यजीवों की सुरक्षा में यह अहम कडी साबित होगा।

**सरिस्का गेस्ट हाउस में किया पौधारोपण:** विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संजय शर्मा ने सरिस्का गेस्ट हाउस परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। देवनानी ने एक पेड मॉं के नाम अभियान को पर्यावरण संरक्षण एवं मॉं के प्रति सम्मान का प्रतीक बताया। उन्होंने वन मंत्री संजय शर्मा के द्वारा प्रति दिन कम से कम एक पौधा लगाये जाने के संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि इनका यह संकल्प अनुकरणीय है, जिससे हम सब को प्रेरणा लेनी चाहिए। वन मंत्री शर्मा ने अलवर शहर में काला कुआ में मानसरोवर उत्थान समिति द्वारा आयोजित एक पेड मॉं के नाम अभियान व नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम में पौधारोपण किया।

**सर्किट हाउस में किया नागरिक अभिनन्दन:** इससे पूर्व देवनानी का अलवर सर्किट हाउस में विभिन्न सामाजिक संगठनो एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों ने नागरिक अभिनन्दन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसकी परम्पराओं को आगे बढाते हुए कई नवाचार किये गये है तथा विधानसभा को पेपर लेस करने का कार्य किया जा रहा है।

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 39 रुपए बढ़े

**जयपुर. कासं।** पेट्रोलियम कंपनियों ने एलपीजी की कीमतों का रिव्यू करने के बाद कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में इजाफा किया है। हालांकि इस रिव्यू में घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इस साल का लगातार छठा महीना है। जब कंपनियों ने कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर का रिव्यू किया है। कंपनियों की ओर से जारी रेट लिस्ट में आज से राजस्थान में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 39 रुपए बढ़ाए हैं। इस बढ़ोतरी के बाद आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बाजार में 1680 रुपए की जगह 1719 रुपए में मिलेगा। ये लगातार छठा महीना है, जब कंपनियों ने कीमतों का रिव्यू करते हुए उनमें बदलाव किया है। इससे पहले कंपनियों ने अगस्त में 12 रुपए कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर बढ़ाए थे। वहीं, जुलाई में कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 30 रुपए की कमी की थी। जून में 69.50 रुपए, मई में 19 रुपए और अप्रैल में 31.50 रुपए की कटौती की थी। मार्च में 26 रुपए और फरवरी 13.50 रुपए प्रति सिलेंडर का इजाफा किया था।




**घरेलू सिलेंडर की कीमतें अब भी 806.50 रुपए:** कंपनियों ने घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वर्तमान में बाजार में घरेलू उपयोग का सिलेंडर 806.50 रुपए में ही मिलेगा। बता दें कि राजस्थान में तीनों तेल गैस कंपनियों के 1 करोड़ 75 लाख 48 हजार से ज्यादा उपभोक्ता हैं।

# महानगर ग्रुप द्वारा किया जा रहा हर माह गोसेवा 53 कार्यक्रम




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सौशल ग्रुप महानगर द्वारा, सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत 39 वा गोसेवा कार्यक्रम दिनांक 1 सितम्बर 2024 को प्रातः 8.30 बजे, दुगार्पुरा गौशाला में आयोजित किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में गायों को हरा चारा, लौकी, केले, रोटी एवं लडडू खिलाया गया, महानगर ग्रुप अध्यक्ष संजय छाबड़ा ने आज के पुण्यार्जक परिवार मुकेश - मधु कासलीवाल वरिष्ठ सदस्य, महानगर ग्रुप एवं उपस्थित परिवार का माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। आज के इस गोसेवा कार्यक्रम में महानगर ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष रवि प्रकाश जैन, विरेंद्र जैन (गदिया) उपाध्यक्ष सुशील कासलीवाल, समन्वयक संजय काला, कार्यकारिणी सदस्य सुनील - तनु जैन, विनीत जैन एवं महानगर ग्रुप सदस्य कमलेश जैन, कमल कान्त गंगवाल, राजकुमार बडजात्या आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में महानगर ग्रुप सचिव सुनील गंगवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आचार्य विद्यासागर संत निलय हॉल में आयोजित हुई बुद्धिजीवी संगोष्ठी

### उपाध्यायश्री विहसंतसागर जी महाराज ससंघ का मिला सानिध्य



**आगरा. शाबाश इंडिया।** 1 सितंबर को मेडिटेशन गुरु उपाध्यायश्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य एवं अर्पितमय पावन वषार्योग समिति के तत्वावधान में आगरा के कमलानगर स्थित डी ब्लॉक के आचार्य श्री विद्यासागर संत निलय हॉल में जैन धर्म एवं संस्कार विषय पर बुद्धिजीवी संगोष्ठी का आयोजन किया।संगोष्ठी का शुभारंभ समाधिस्थ आचार्यश्री विरागसागर जी महाराज के चित्र का अनावरण एव दीप प्रज्जवलन के साथ किया गयो उपाध्यायश्री ने अपने मंगल प्रवचनों मे बोलते हुए कहा कि गर्व करें आप जैन हैं, आज किसी भी धर्म के नाम पर भोजन नहीं मिलता परन्तु एक जैन ही हैं जिनके नाम पर जैन फूड मिलता है, उन्होंने कहा कि कुल टैक्स मे से 24% टेक्स अकेली जैन समाज देती हे, यह 98% साक्षर समाज हे, परन्तु संगठन के अभाव मे छिन्न भिन्न होती समाज है, अतः आज एक दूसरे के सहयोगी बन संगठित रहने की आवश्यक्ता है उन्होंने सभी बुद्धीजीवियों को 24 घंटे मे कम सै एक बार प्रभु या गुरु दर्शन करने का आवहान दियो आज की संगोष्टि मे डिप्टी सीएमओ डॉक्टर पीयूष जैन, वरिष्ठ डॉक्टर विकास जैन, डॉक्टर राजीव जैन ( चाइल्ड स्पैश्चिस्ट ), डॉक्टर सन्धी जैन ( गाइनी ),डॉक्टर उर्विजिका जैन ( डैन्टिस्ट अपोलो ) सी ए रवीन्द्र जैन, सी ए विजय गोयल, सीए उनन्ती जैन, प्रिसिपल डा रजीव जैन, एक्स इन एम के जैन, श्रीमती नीरू जैन प्रिंसीपल व ब्लाक एजूकेशन औफीसर, एडवोकेट राजेन्द्र जैन, टैक्स एडवोकेट कमल जैन समेत शगभग 150 प्रतिनिधी पधारे ! संगोष्ठी में आए हुए प्रवक्ताओं ने उपाध्यायश्री के समक्ष श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया,इसके बाद जैन डॉक्टर, जैन, इन्जीनियर, सीए, सीएस, आर्किटेक्ट जज, प्रोफेसर,लौयर्स लेक्क्रार,एमबीए आदि महानुभावों एवं प्रवक्ताओं ने उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज के समक्ष अपनी- अपनी बात रखी।इस अवसर पर आयोजक समिति ने सभी प्रवक्ताओं का दुपट्टा माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देखकर स्वागत सम्मान कियोसंचालन मनोज जैन बाकलीवाल ने किया। इस संगोष्ठी में जगदीश प्रसाद जैन,यशपाल जैन, शैलेंद्र जैन,अनिल जैन,अनिल रईस नरेश लुहाड़िया, मुकेश जैन रपरिया,सुरेश पांडया, मीडिया प्रभारी शुभम जैन,समस्त आगरा जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रिपोर्ट शुभम जैन

## लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा आशादीप वृद्धाश्रम में सेवा कार्य किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा आशादीप वृद्धाश्रम मे जाकर वहां रह रहे सभी वृद्ध जनों का मेडिकल चेकअप करवाया गया, जिसमे उनका बी पी, व सुगर टेस्ट किया।उक्त कार्य मे डॉ. मनोज शर्मा ने पूरा सहयोग किया, साथ ही सभी वृद्धजनों को उनकी रिपोर्ट के अनुसार दवा लेने की सलाह दी गयी। क्लब द्वारा डॉ. का सम्मान किया गया, व संस्था के सभी जनों को फल व बिस्कुट उपलब्ध करवाए गए। क्लब की अध्यक्ष, सुमित्रा गोलियां, सचिव राधा रानी, कोषाध्यक्ष नीता गोयल व विजिया कोठारी, सरोज रुंगटा व नीलम मित्तल ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## धर्म जागृति महिला मंडल ने हैल्थ चैकअप कैंप का किया आयोजन

### उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर जी मुनिराज का मिला सानिध्य

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रताप नगर सेक्टर 8 स्थित मां विशुद्ध संत भवन में रविवार को प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक धर्म जागृति महिला मण्डल द्वारा पूज्य उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर जी मुनिराज के पावन सानिध्य एवं आशा जैन नानेर वालो के सानिध्य में हैल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया, कैंप का सुभारंभ सीनियर इंटरनेशनल वेलनेश कोच अनिल ठाकुरिया ने दीप प्रज्वलन से किया, कैंप में सुरेंद्र गुप्ता, अर्चना बंसल, राखी गुप्ता, सोनिया जैन पराना ने चैकअप में सहयोग किया, कैंप में सैकड़ों महिला पुरुषों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई, धर्म जागृति महिला मण्डल सदस्यों ने व्यवस्था को सुनियोजित किया। कार्यक्रम में स्थानीय समाज अध्यक्ष कमलेश बावड़ी, महामंत्री महेंद्र जैन पचाला, चतुर्मास समिति मुख्य संयोजक जिनेन्द्र गंगवाल जीतू, कोषाध्यक्ष धर्म चंद पराना, संयोजक बाबू लाल ईटून्दा, मुकेश जैन, सुमित जैन, अविनाश जैन, सौभाग्यमल जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बाबू लाल जैन ईटून्दा

# फागी व्यापार महासंघ द्वारा राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को 55वे जन्मोत्सव की दी हार्दिक शुभकामनाएं





**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे में आज व्यापार महासंघ की अगुवाई में सकल जैन समाज के तत्वावधान में राजस्थान सरकार के यशस्वी उप मुख्यमंत्री डा.प्रेमचंद बैरवा के 55 वें जन्मदिन पर सभी व्यापारियों ने तिलक, साफा, माला पहनाकर जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू ने अवगत कराया कि अजमेर से वाया दूदू, मोजमाबाद, फागी होते हुए श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र तक सरकारी रोडवेज बस चालू करवाने हेतु व्यापार महासंघ की अगुवाई में सारे सकल जैन समाज की तरफ से उपमुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन सौंपा , कार्यक्रम में व्यापार महासंघ के प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने ज्ञापन के माध्यम से उपमुख्यमंत्री डा.प्रेमचंद बैरवा को अवगत कराया कि समग्र जैन समाज की आस्था के केंद्र श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र जाने के लिए हमारे यहां से कोई भी सीधा साधन नहीं है,अतः सारे जैन समाज की भावना को देखते हुए अजमेर से दूदू,मोजमाबाद, वाया फागी होते हुए श्री महावीर जी तक जाने के लिए सरकारी रोड़वेज की सख्त जरूरत है, क्षेत्र के यात्रियों को जयपुर जाकर बस में जाना पड़ता है जिससे यात्रियों को समय पर गन्तव्य स्थान पर वापस आने पर दो दिन खराब होते हैं,उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उक्त रूट पर श्रीमहावीरजी के दर्शनार्थ हेतु सीधी बस चालू करवादी जावे तो क्षेत्र के सैकड़ों यात्रियों को लाभ प्राप्त होगा और यात्रि समय पर वापस आ सकते हैं, उक्त बस चालू करवाने हेतु आपने पहले भी घोषणा की थी लेकिन उस आदेश की क्रियान्विति नहीं हुई अतः समग्र जैन समाज की भावनाओं को अनुग्रहित करते हुए इस रुट पर रोडवेज बस चालू करवाने का कष्ट करें। कार्यक्रम में व्यापार महासंघ के अध्यक्ष कुलदीप श्रीमाल, महामंत्री अनिल कठमाना, उपाध्यक्ष मंगल व्यास, गिरीराज भाकर, पिन्टू शर्मा, कोषाध्यक्ष कमलेश कठमाना, कजोड पटैल, सलीम जारोली, सुरेंद्र बावड़ी, विमल कलवाडा, कमलेश मंडावरा, पारस मोदी, सुशील कलवाडा, सुनील मोदी,फागी स्वर्णकार महासंघ के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी, विनोद सोनी, तथा राजाबाबू गोधा सहित सभी पदाधिकारी गण मोजूद थे।

## नेमीसागर कालोनी मंदिर में प्रतिमा परिमार्जन सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर के नेमीसागर कालोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दसलक्षण महापर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाए जाने हेतु तैयारियां पूर्ण की गई। इसी क्रम में आज मंदिरजी में वेदी एवम प्रतिमाओं का परिमार्जन किया गया। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दसलक्षण पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह नित्याभिषेक, शांतिधारा एवं दसलक्षण मण्डल विधान साजबाज के साथ किया जावेगा। उल्लेखनीय है कि दसलक्षण पर्व के दौरान दिगम्बर जैन धर्मावलंबी श्रावक श्राविका गण तप, त्याग और संयम धारण करते है।

## लोकरंजन का भंजन कर लेंगे तो आत्मा का भजन हो जाएगा : आचार्य सुंदरसागर महाराज



### भगवान का पता करना है तो अपना पता छोड़ना पड़ेगा

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** सुख के दिनों में आवाजे कम आती है पर जब दुःख आता है तो सबकी आवाज जोर से आती है। वीर प्रभु महावीर का नाम लेते ही रोम-रोम आनंदित हो जाता है। लोकरंजन से आत्म भजन नहीं होता है। लोकरंजन का भंजन कर लेगा तो आत्मा का भजन हो जाएगा। लोक को प्रिय मान लेना गलत है ओर लोकप्रिय हो जाना शुभ कर्मो का उदय है। लोक को प्रिय मान लिया तो मिथ्यात्व का उदय हो जाएगा। ये विचार शहर के शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ पार्क में श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में चातुर्मासिक (वषायोग) वषायोग प्रवचन के तहत शनिवार को राष्ट्रीय संत दिगम्बर जैन आचार्य पूज्य सुंदरसागर महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब हमारे परिणाम ही नित्य नहीं है तो गुरू का नाम कैसे लिया जाएगा। गुणस्थान अतीत करने के लिए नाम भी अतीत करना पड़ेगा। कभी नाम लिखने के लिए दान देते हो तो कभी नाम मिटाने के लिए दान देते हो जो भी कषाय है। जब तक पुण्य है सभी पाप दब जाएंगे। आचार्यश्री ने कहा कि मुनि निंदा करने या अनुमोदना करने से बहुत पाप का बंध होता है। संसार में जिनशासन शाश्वत है। सबकी ड्रेस है पर जिनशासन बिना ड्रेस वाला है। सबका कोई न कोई एड्रेस है तो गुणस्थान है पर भगवान बनना है तो बिना एड्रेस के हो जाओ ओर ड्रेस छोड़ना पड़ेगा।

## वेद ज्ञान

# दान की गई वस्तु से मोह नहीं रखना चाहिए

सभी धर्मों में दान की महत्ता बताई है। दान का आशय त्याग है। मतलब जो वस्तु दान में दी जाती है, उस वस्तु से लगाव, मोह, अपनत्व का त्याग करना। बेटी के माता-पिता का लगाव बेटी से होता है, लेकिन विवाह के बाद उसे इस लगाव को अंततः त्यागना पड़ता है, जबकि माता-पिता विवाह के पूर्व उसके लालन-पालन, पोषण में पुत्र की तरह ही हर प्रकार का निवेश करते हैं। इस निवेश में मन, आत्मा की ऊर्जा के साथ भौतिक पदार्थ और धन आदि शामिल होता है। दान से त्याग की जो प्रवृत्ति विकसित होती है, वह आंतरिक सुख के साथ त्याग की स्थिति में मनोमालिन्य का भाव नहीं उत्पन्न होने देता। कृपण व्यक्ति छोटी भी वस्तु के दान से अवसाद में चला जाता है, लेकिन इसके मूल भाव को समझे बिना पर्वों-त्योहारों, शुभ-दिनों में दान से पुण्य के साथ मनोकामना पूर्ति के संदेश दिए जा रहे हैं। कोई नौकरी, व्यापार, बीमारी, मुकदमे या अन्य किसी सफलता की कामना के साथ जब अपने धर्मगुरु के पास जाता है, तब उसे रुपए-पैसे, सोना-चांदी, वस्त्र-अनाज आदि के दान के लिए कहा जाता है तथा यह बताया जाता है कि इससे ऊपरवाला बहुत खुश होगा और मन की मुराद पूरी कर देगा। जो सर्वथा अवैज्ञानिक भाव है। यह भी सत्य है कि सही दान से सुकून मिलता है। जिस दान से सुकून न मिले, वह दान है ही नहीं। यदि कोई बाह्य आकर्षण जो सोने व चांदी की तरह लुभावना क्यों न हो, उसे स्वीकार न करना भी दान या त्याग है, क्योंकि अवांछित लुभावनी वस्तुएं या स्थितियां साथ में समस्याएं भी ले आती हैं। जीवन को त्योहारमय और उल्लासमय बनाने के लिए बाहरी आकर्षण से प्रभावित न होना दान के संदेश में छुपा हुआ है, लेकिन इस तरह उन लोगों की दुकानदारी प्रभावित होने लगती है जो धर्म का भय दिखाकर अपना जीवन चलाते हैं। इसके अलावा धर्मग्रंथों में सुपात्र को ही दान देने का विधान है। दान से कोई आलसी बन रहा हो, कामधाम छोड़कर दान में मिली वस्तु से जीवन चला रहा हो तो ऐसे व्यक्ति को दान देने से पाप लगता है। दान का ढिंढ़ोरा पीटने, दान कर उससे वाहवाही लेने से भी पाप लगता है। इसलिए दान देना ही महत्वपूर्ण नहीं।

## संपादकीय

# निर्वासन की चिंता में उभरा विरोध




भारतीय युवाओं में विदेश जाकर पढ़ाई करने और वहीं कोई अच्छा रोजगार तलाश लेने की प्रवृत्ति पिछले कुछ समय से काफी बढ़ी है। इसके लिए भारतीयों के पसंदीदा देशों में कनाडा भी शामिल है। हर वर्ष बड़ी संख्या में भारतीय युवा वहां पढ़ाई करने जाते हैं। वहां छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अस्थायी तौर पर नौकरी भी मिल जाती है। मगर, अब कनाडा सरकार ने अपनी आव्रजन नीति में बदलाव कर दिया है, जिससे वहां रह रहे भारत समेत अन्य देशों के विद्यार्थियों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। इनमें से बहुत से युवाओं को निर्वासन की चिंता सताने लगी है। इसके विरोध में सैकड़ों भारतीय छात्र कनाडा की सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल, कनाडा सरकार ने अब उन क्षेत्रों में विदेशी कामगारों को 'परमिट' न देने का फैसला किया है, जहां बेरोजगारी दर छह फीसद या उससे ज्यादा है। कम वेतन वाली अस्थायी नौकरियों के लिए 'परमिट' दो के बजाय अब एक वर्ष के लिए जारी होंगे। इसका मकसद कनाडा की बढ़ती आबादी और बेरोजगारी दर को नियंत्रित करने के लिए अप्रवासियों की संख्या को सीमित करना है। कनाडा की नई आव्रजन नीति का सबसे ज्यादा असर भारतीय छात्रों पर पड़ेगा। जो छात्र पढ़ाई के साथ-साथ अस्थायी नौकरी कर रहे हैं, उनके 'परमिट' की अवधि जल्द खत्म हो जाने से उन्हें अपना खर्चा जुटाना मुश्किल हो जाएगा। इसीलिए भारतीय छात्र कनाडा में जगह-जगह प्रदर्शन कर नई आव्रजन नीति का विरोध कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि इस वर्ष के अंत में जब छात्रों के 'वर्क परमिट' समाप्त हो जाएंगे, तो उन्हें निर्वासित किया जा सकता है। वैसे यह पहली बार नहीं है, जब कनाडा में भारतीय विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। कभी नस्लीय हिंसा, कभी आतंकी गतिविधियों, तो कभी वीजा एजंटों की धोखाधड़ी की वजह से वहां भारतीय छात्रों के लिए मुश्किलें खड़ी होती रही हैं। भारत सरकार को इस पक्ष पर गंभीरता से विचार करना होगा कि जिन सुविधाओं और बेहतर भविष्य की चाह में युवा विदेश जाते हैं, क्यों न उन्हें अपने देश में ही वह सब उपलब्ध कराया जाए। इससे भारत से बौद्धिक पलायन भी काफी हद तक रुकेगा।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# जिंदगी का लक्ष्य

प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने का केंद्र माने जाने वाले कुछ शहरों से अक्सर विद्यार्थियों के आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। यह समस्या अब एक व्यापक चिंता का रूप ले चुकी है। इसके अलावा, दसवीं या बारहवीं की परीक्षा में भी फेल होने या नंबर कम आने के तनाव में कई विद्यार्थियों के खुदकुशी कर लेने की खबरें हर वर्ष आ जाती हैं। चिंता की बात यह है कि अब ये कुछ घटनाएं मात्र न रह कर एक व्यापक समस्या की शक्ल लेती जा रही हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि छात्र-छात्राओं की आत्महत्या की दर कुल आत्महत्या की दर से तो ज्यादा है ही, लेकिन अब यह जनसंख्या में इजाफे की दर को भी पार गई है। गौरतलब है कि आइसी-3 सम्मेलन में बुधवार को राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के आधार पर ''छात्र आत्महत्या : भारत में फैलती महामारी'' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में यह बताया गया है कि आत्महत्या की कुल घटनाओं में प्रति वर्ष जहां दो फीसद की बढ़ोतरी हुई है, वहीं विद्यार्थियों के बीच जान दे देने की मामलों में चार फीसद यानी राष्ट्रीय औसत से दोगुनी की वृद्धि हुई है। यह स्थिति तब है, जब इस बात की संभावना है कि विद्यार्थियों के आत्महत्या के मामलों में 'कम रिपोर्टिंग' हुई हो। अगर विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति खुदकुशी की कुल घटनाओं के मुकाबले और यहां तक कि आबादी में बढ़ोतरी की रफ्तार से भी तेज है तो यह सोचने की जरूरत है कि देश में शिक्षा का यह कैसा स्वरूप बन गया है, जिसमें पढ़ाई-लिखाई करने की उम्र में बच्चे जीवन से हार मान रहे हैं। स्कूल या उच्च शिक्षा का वह कैसा पाठ्यक्रम है जो बच्चों के भीतर हौसले और जीवट को मजबूत करने के बजाय उन्हें भावनात्मक स्तर पर बेहद कमजोर बना देता है। वहीं समाज और अभिभावकों की महत्त्वाकांक्षाओं और अपेक्षाओं का वह कैसा बोझ है, जिसके नीचे दबकर बच्चे दम तोड़ रहे हैं। निश्चित रूप से यह शिक्षा के समूचे ढांचे और सामाजिक सोच की एक ऐसी त्रासदी है, जिस पर बिना देरी किए गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यह स्थिति एक ओर राष्ट्रीय स्तर पर नीतिगत दूरदर्शिता पर एक सवाल है, वहीं यह सामाजिक स्तर पर शिक्षा में कामयाबी को लेकर भ्रमित धारणा का भी संकेत है।



# भक्तामर स्तोत्र की आराधना से पापों से मुक्तिः गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य भारत गौरव गणिनी आर्यिका गुरु मां 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी राजस्थान में विमला देवी जैन लालकोठी जयपुर, संतोष जैन जयपुर,उमरावमल जैन किशनगढ़ द्वारा कराया गया भक्तामर की 48 दीपकों से आराधना। गुरु मां के मुखारविंद से भगवान शांतिनाथ की वृहद् शांतिधारा करने का सौभाग्य अभय जैन जयपुर एवं अक्षय जैन जयपुर वालों ने प्राप्त किया। जयपुर,कोटा,आवां,कालेडा,देवली, निवाई, चाकसू,टोडारायसिंह, झालावाड़,इंदौर के दर्शनाथीर्यों ने निमार्णाधीन सहस्त्रकूट जिनालय का अवलोकन कर सातिशय पुण्य की अनुमोदना की। भक्ति के इस क्रम में प्रकाश छाबड़ा मालवीय नगर जयपुर ने पुनित छाबड़ा के जन्मदिन पर चातुर्मास संयोजक बनने का सौभाग्य प्राप्त किया।रुपनगढ की महिला मण्डल ने क्षेत्र पर भक्ति एवं अतिशयकारी शांतिनाथ भगवान के दर्शनों का लाभ लिया। भगवान के दरबार में भक्तों का तांता लगा रहता है। निरंतर चल रही भक्ति आराधना में हजारों की संख्या में श्रावक गण जुड़ रहे हैं। चतुर्दशी पर्व पर आर्यिका संघ ने अनशन व्रत धारण कर अहिंसा धर्म की प्रभावना में एक कदम आगे बढ़ाया। पूज्य माताजी ने प्रवचन देते हुए कहा कि भक्तामर स्तोत्र पंचमकाल का कल्पवृक्ष है। उसकी आराधना सब पापों का नाश कर मनोवांछित फल को देने वाली है।

# कर्मों का नाश करने के लिए जो तपा जाता है उसे तप कहते हैं : मुनिश्री 108 पावनसागर जी महाराज

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा में परम पूज्य मुनि श्री 108 पावनसागर जी महाराज ने रविवार दिनांक 01 सितंबर को षोडश कारण पर्व के अवसर पर प्रवचन करते हुए बताया कि कर्मों के नाश करने के लिए जो तपा जाता है उसे तप कहते हैं। अथवा इच्छाओं का निरोध करना, मन और इंद्रियों को वश में रखना तप कहलाता है। यह तप मुक्ति का कारण है। इच्छाएं जीवन को पतन की ओर ले जाती है, बड़े-बड़े अनर्थ हो जाते हैं। तो इच्छाओं को वश में करने के लिए उनका आंकलन करें कौन सी इच्छा पूरी करने योग्य है कौन सी नहीं है न भूत की स्मृति करें, न भविष्य की अपेक्षा करें, वर्तमान में अंतरंग मन से साधना करें। जैसे स्वर्ण को तपाने से उसकी कालिमा हट जाती है, उसी प्रकार तप से विकार भाव नष्ट हो जाते हैं। आगम में छहः बाह्य और छह अभ्यन्तर तप से कर्मों की निर्जरा होती है सब कर्मों की निर्जरा हो जाना ही मुक्ति है। अच्छाइयां है तो बुराइयां भी है, धर्म है तो अधर्म भी है, हित है तो अहित भी है, सकारात्मक है तो नकारात्मक भी है




यह प्रकृति का नियम है सौ अच्छे काम करो एक बुरा काम करो सब बराबर कर देता है। अतः आत्म कल्याण के लिए चित्त वृत्तियां शुद्ध कर बिना वांछा के, बिना स्वार्थ के साधना करें।श्रद्धा और समर्पित भाव से तप करना चाहिए ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र काला ने बताया कि प्रवचन से पूर्व दीप प्रज्वलन प्रमोद नीरु जी जैन अलवर एवं सहयोगियों ने, मंगलाचरण श्रीमती कमला देवी निगोतिया ने एवं शास्त्र भेंट श्रीमती रेखा लुहाड़िया, श्रीमती नीरु पांड्या ने किया। संयोजक कमल छाबड़ा डॉ वन्दना जैन ने बताया कि षोडश कारण महापर्व के अवसर पर प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे मुनिश्री के प्रवचन सायंकाल 7 बजे आरती आनंद यात्रा तथा रात्रि 8:00 बजे से पंडित अजित जैन ''आचार्य'' के द्वारा तत्व चर्चा की जा रही है। राजेन्द्र काला: मंत्री-श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभजी ट्रस्ट दुर्गापुरा जयपुर।

# खेल महोत्सव का हुआ भव्य समापन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स ग्राउंड में चल रहे 7 दिवसीय खेल महोत्सव का समापन हुआ। आरयू स्पोर्ट्स बोर्ड डॉ प्रीति शर्मा ने बताया 7 दिन पारंपरिक खेल व क्रिकेट, वॉलीबॉल,हॉकी,टेबल टेनिस समेत कई खेल खेले गए। विजेता टीमों को मेडल व ट्रॉफी देकर प्रोत्साहन किया गया साथ ही खेल महोत्सव में प्रोफेसर, कर्मचारी व विद्यार्थियों ने भाग लिया.खिलाड़ियों ने काफी उत्साह दिखाया साथ ही फिट रहने के लिए रोजाना खेल शारीरिक गतिविधि करने की शपथ ली.स्पोर्ट्स बोर्ड ने बताया इस खेल महोत्सव से प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिला.विद्यार्थियों द्वारा निरंतर अभ्यास किया जायेगा। इस मौके पर डॉ प्रीति शर्मा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो रामावतार शर्मा, एचओडी सरीना कालिया, डॉ सुरेंद्र मीणा,डॉ शैलेश मौर्य, डॉ रश्मि बुंदेला, डॉ रागिनी राणावत, डॉ वंदना अग्रवाल मौजूद रही।



# लायंस क्लब सेंट्रल ने किया गौ भक्त भामाशाह को सम्मानित



आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया

कोटा। वत्स द्वादशी ( बच्छ बारस ) के दिन क्लब सदस्य लायन राजकुमार रेखा कहालिया द्वारा श्री हरि गौशाला में पचास हजार रुपये की धन राशि भेंट करने पर क्लब की और से उन्हें सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष मधु ललित बाहेती एवम सेक्रेटरी राधा खुवाल ने बताया कि केशोराय पाटन के लायन राजकुमार रेखा कहालिया जो कि श्री हरि गोशाला के भी सक्रिय सम्मानित सदस्य हैं गौभक्त हैं और समय समय पर घायल, बीमार और लावारिस गोवंश की सेवार्थ तन मन धन से अपने साथियों के साथ मिल कर काम करते रहते हैं। अभी हाल ही में वत्स द्वादशी के गाय बछड़े के पूजन के दिन पर पचास हजार रुपये की राशि श्री हरि गोशाला में भेंट करने पर लायंस पदाधिकारियों ने भामाशाह रेखा राजकुमार का सम्मान उपर्णा व स्मृति चिन्ह भेंट करके किया। इससे पूर्व 30 मार्च 2024 को भी इन्होंने गौशाला में पचास हजार रुपये की धन राशि भेंट की थी। ऐसे सक्रिय समाजसेवी सदस्य की सेवा भावना पर सभी क्लब सदस्यों ने गौरान्वित अनुभव किया और उन्हें बधाई दी।




# विनाश काले विपरीत बुद्धि बुरे कर्मे के कारण : आर्यिका श्री पवित्र मति माताजी



सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया

नौगामा जिला बांसवाड़ा नौगामा परम पूज्य आर्यिका श्री विज्ञान मति माताजी की शिष्या 105 आर्यिका पवित्रमति माताजी गरिमा करण मति माताजी का मंगल चातुर्मास नौगामा नगर में चल रहा है चातुर्मास के तहत आज रविवार को 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर 1008 भगवान महावीर समवशरण मंदिर जी विशेष शांति धारा अभिषेक के बाद चातुर्मास पंडाल में मंगल प्रवचन हुआ मंगल प्रवचन में कहां के मनुष्य के बुरे कर्मों के कारण विनाशकाले विपरीत बुद्धि आती है उस समय उसके पापों का उदय होता है तो अच्छे कार्य करने जाओ तो भी उसकी बुद्धि बुरे कार्यों की ओर दौड़ती है इसलिए हमेशा जीवन में सदैव अच्छे कार्य करने चाहिए बुरे कार्यों से दूर रहना चाहिए माताजी ने रलब्धि विधानर की महिमा बताइ जो कि प्रतिवर्ष इस माह के चौथ के दिन से शुरू होता है और यह विधान तीन दिन तक चलता है आज प्रवचन से पूर्व जैन पाठशाला के छात्रों द्वारा सामूहिक रूप से पूजन की गई व मंगलाचरण किया गया एवं डडुका नगर से पधारे जैन पाठशाला के छात्र एवं उनके अध्यापक अजीत कोटिया मनोज जैन हाडर्पिपलिया मध्य प्रदेश से पधारे विजय छाबड़ा सुमित छाबड़ा का चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष निलेश जैन राजेंद्र गांधी नरेश जैन द्वारा पगड़ी पहनकर दुपट्टा उड़ा कर सम्मान किया गया एवं उन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया प्रवचन के बाद गरिमामती माताजी द्वारा प्रश्न मंच किया गया एवं प्रश्न मंच का पुरस्कार दोषी मनीष जयंतीलाल द्वारा दिया गया कार्यक्रम का संचालन दीपक पंचोली द्वारा किया गया उक्त जानकारी जैन समाज प्रवक्ता सुरेश चंद्र गांधी द्वारा दी गई ।

ग्यारहवीं पुण्यतिथि



01.09.1944 02.09.2013
स्व.श्रीमती अन्नो देवी बैद
धर्मपत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द बैद
आपके चरणों में सदैव नमन
श्रद्धानवत :
राजकुमार – राजकुमारी बैद
हार्दिक बैद
आशीष–डॉ.शिप्रा बैद
गौतम, तनिष्क बैद
व समस्त बैद परिवार (बडियाल वाले)
तारा–देवेन्द्र जी बाकलीवाल
अन्जना–कमल जी बडजात्या
डॉ.रिया – डॉ.तन्मय जी आठवले
पीहर पक्ष:
सुरेन्द्र कुमार –सुमन जैन एवं
समस्त पाटोदी परिवार
रिषभ एडवरटाईजिंग एजेन्सी
राजस्थान एडवरटाईजिंग एजेन्सी

# हमारी आराधना, साधना, व्यवहार धर्ममय हो: युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी महाराज

## पर्युषण पर्व के स्वागत मे उमड़ा भक्ति का सैलाब...



**चेन्नई।** धर्मात्मा है, उनके लिए तो प्रतिदिन आराधना, साधना का दिन है लेकिन जो भव्य आत्माएं हैं, उनके लिए आराधना से जुड़ने का यह एक अवसर है। यह बहुत उपकारी है। इसके स्वागत में त्याग, तप और तीतीक्षा के तोरण सजाओ। तीतीक्षा यानी सहनशीलता। रविवार को एएमकेएम के आनन्द दरबार मे श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी महाराज ने अष्ट दिवस पर्युषण पर्व की प्रथम विशाल धर्म सभा में हजारों श्रध्दांलुओ को संबोधित करते हुए कहा कि त्याग से कई लाभ होते हैं। तप द्वारा धर्मबल, आत्मबल की रक्षा होती है। लेकिन जो आराधना आप करना चाहो, उसमें ज्ञान का मंगल दीपक झलके। ऐसी साधना आसपास के लोगों को संदेश देती है। उन्होंने कहा हमने जीवन में मोबाइल से बहुत सेल्फियां ली है लेकिन सेल्फ को भूल गए हैं। यह पर्व जीवन में उत्साह का आनंद लेकर आता है। हमारी आगमिक परंपरा में हर एक उत्सव को आठ दिन मनाने की परंपरा है जैसे अष्टान्हिका महोत्सव, अष्ट मंगल, अष्ट प्रवचन माता, पर्युषण पर्व इत्यादि। उन्होंने कहा इस पर्युषण पर्व को तप-जप के साथ मनाना है। आप सुबह उठते ही नवकार मंत्र का जप करते हैं, तो अच्छी बात है। नहीं, तो कम से कम इस अवसर पर उठते ही यह कार्य करो। घर में वडीलों को प्रणाम करो। साधु- संतों के दर्शन, वंदन करो। खान- पान में सात्विकता हो। सद्भावना का स्वास्तिक बनाओ। नवकार मंत्र के सामूहिक जप में सम्मिलित हो। जीवों को अभयदान दो। दान, ज्ञान, शील, तप की भावना रखो। जितना हो सके, कम से कम इन प्रक्रियाओं से दिनचर्या निकालो। ये आठ दिन आपके जीवन में झलकना चाहिए। उन्होंने कहा आत्मा शुद्ध है तो कर्म कैसे लगे और कर्म लगे तो यह शुद्ध कैसे हो, यह प्रश्न आता है। अनादिकाल से लगी कर्मों की परत चढ़ती जाती है। उससे आत्मा अधिक मलिन बन जाती है। आत्मा तो शुद्धता का स्वरूप है। यह तो आत्मा के ऊपर लगी परत है। सम्यक्त्व का साबुन, ज्ञान का जल और चारित्र का घाट द्वारा भीतर की इस परत को हटा सकते हैं। उन्होंने कहा ज्ञान वह, जो महापुरुषों की जीवनी, प्रवचन सुनते- सुनते आए। फिर दृढ़ श्रद्धा का साबुन ज्ञान रुपी जल से सफाई कर सकता है। चारित्र का घाट ।ऐसा स्थान है, जहां आप बैठकर सफाई कर सकते हो। हमारी आराधना, साधना, व्यवहार धर्ममय हो। जितना विवेक जागृत रहेगा, उतनी ही पर्वाधिराज की आराधना लाभदाई होगी। यह पर्व आत्मा को निर्मल बना देता है। हम दिनचर्या में व्यर्थ बोलकर कितना पाप कर लेते हैं। हो सके वहां तक वाणी में मधुरता और स्वभाव में आत्मीयता हो। भावों में कभी दुर्भावना नहीं रखनी है। उन्होंने कहा यह पर्व हमारे ऊपर कितने प्रकार के उपकार करता है, यह समझने की बात है। जीवन में पवित्रता, व्यवहार की शुद्धता झलकनी चाहिए। हम आज वाणी, व्यवहार, आचरण के इस पर्व के स्वागत के लिए तत्पर रहें। धर्ममय रंग में जीवन जीने के लिए, पाप की कालिमा को दूर करने के लिए, आठ गुणों को प्रकट करने के लिए यह आठ दिन का पर्व है। आठ कर्मों से बचने के लिए आठ गुणों का चिंतन किया तो आठ सिद्धियां प्राप्त होती है। आठ प्रवचन माता की शरण में रहकर आठ कर्मों से मुक्त हो सकते हैं। मुनिश्री हितेंद्र ऋषिजी ने कहा ये आठ दिन ही होते हैं, जिनमें धर्म- ध्यान करने की प्रबल भावना होती है। पर्युषण पर्व पर इन पांच को छोड़ने और अपनाने की ओर अग्रसर होना है। वे है प्रतिष्ठा को छोड़ो, प्रार्थना को अपनाओ। प्रमाद को छोड़ो, प्रभु भक्ति को अपनाओ। प्रमदा यानी विषय भोगों को छोड़ो, प्रत्याख्यान को अपनाओ। प्रसिद्धि को छोड़ो, प्रवचन को अपनाओ। प्रचार को त्यागो, प्रतिक्रमण को अपनाओ। उन्होंने कहा यह करने से जीवन का कल्याण हो जाएगा। ये इस भव में भी प्रभावशाली होंगे और पर भव में भी। इस दौरान युवाचार्यश्री की 18 पापस्थानक प्रवचनों की पुस्तक व श्रावक के 12 कर्तव्य की पुस्तक श्रावक व संथारा का विमोचन किया गया। इस मौके पर नवकार मंत्र जप से अभिमंत्रित रजत कलश का लाभ अमरचंद अंजू अक्षय रौनक चौरड़िया ने लिया।

# जैन समाज के जेएसजी शेखावाटी ग्रुप वार्षिकी चुनाव सम्पन

## जेएसजी शेखावाटी ग्रुप के मनोज पाटोदी अध्यक्ष दीपक संगही मंत्री बने



**सीकर. शाबाश इंडिया।** दिनांक 1 सितंबर 2024 जैन समाज के जे एस जी शेखावाटी ग्रुप के वार्षिकी चुनाव जैन भवन में वरुण बड़जात्या की अध्यक्षता में निर्विरोध सम्पन हुए जिसमे सर्वसहमति से अध्यक्ष मनोज पाटोदी झीगर वाले उपाध्यक्ष सुमित पहाड़िया मंत्री दीपक संगही उपमंत्री बिनय कालिका कोषाध्यक्ष अभय सेठी कार्यकारिणी सदस्य आशीष जयपुरिया,अमित छाबड़ा (बबल) अभिनव सेठी, हितेश बाकलीवाल सुनील छाबड़ा दुधवा आलोक पाटनी, जयकुमार नागवा मनीष कासलीवाल चुने गए। पुरानी कार्यकारिणी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया चुनाव मीटिंग में गौतम जैन,दीपक बडजात्या, वरुण बड़जात्या, विमलेश गंगवाल,अनिल सेसम, अरुण पिराका,सुशील सोगानी, संजय किरडोली,आशीष पिराका भी उपस्थिति रहे।

# बड़े बाबा मूल नायक श्री पदम प्रभु भगवान का महामस्तकाभिषेक हुआ



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में चतुर्दशी के पावन दिवस पर बड़े बाबा मूलनायक पदम प्रभु भगवान पर महामस्तकाभिषेक एवं सभी प्रतिमाओं पर विशेष मार्जिन, परिसर की सफाई कार्य हुआ। प्रातः सभी प्रतिमाओं पर अभिषेक के बाद लक्ष्मीकांत जैन एवं मयंक जैन ने पदम प्रभु भगवान पर, राकेश जैन ने आदिनाथ एवं गोवर्धन अग्रवाल ने मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की। अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई। इस उपरांत पूजा- अर्चना कर अर्घ समर्पण किये। ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि सभी प्रतिमाओं का विशेष मार्जिन किया गया। पूरे मंदिर परिसर की साफ-सफाई, पानी से धुलाई की गई। शास्त्रों की सफाई कर उन्हें व्यवस्थित रखा गया। ट्रस्ट मंत्री पूनम चंद सेठी ने बताया कि प्रतिवर्ष पर्युषण पर्व के पूर्व मंदिर की संपूर्ण सफाई कार्य किया जाता है। उससे पवित्रता एवं आभामंडल बढ़ता है। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत जैन, पूनमचंदसेठी, राजेंद्र सोगानी, राकेश बघेरवाल, चांदमल जैन, गोवर्धनअग्रवाल, जितेंद्र सोनी, ताराचंदझाझरी, मयंक जैन, मनोजपाटनी, चेतनअग्रवाल, मूलचंदसोनी, जितेंद्रसोनी, टीकमचंद अग्रवाल आदि उपस्थित दिन रहे।

# खेतड़ी विकास अधिकारी महादेव सिंह जाट को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**राजेश कुमार शर्मा. शाबाश इंडिया**

जयपर। नीमकाथाना जिलांतर्गत खेतड़ी पंचायत समिति के विकास अधिकारी महादेव सिंह जाट को शांति सद्भाव एवं सामाजिक न्याय सेवा कार्य को समर्पित अंतराष्ट्रीय संस्था गांधी पीस फाउंडेशन काठमांडू नेपाल के चैयरमैन डॉ एल.बी. राणा, गवर्नर जनरल डॉक्टर रिजा भोजारी फिलॉस्फी गवर्नर जनरल डॉक्टर अब्दुल अखिल जाफर ग्लोबल गवर्नर डॉक्टर चंद्र कुमार शर्मा ने चला नीमका थाना जिला निवासी हाल विकास अधिकारी पंचायत समिति खेतड़ी महादेव सिंह जाट को सामाजिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानक प्रदर्शित करने, पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने तथा दलित वर्ग के उत्थान व विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य करने पर ₹डॉक्टरेट₹ की मानद उपाधि (विषय् महात्मा गांधी दर्शन, शिक्षा और अध्यात्म) देकर सम्मानित किया है। अंतराष्ट्रीय संस्था गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के चैयरमैन डॉ एल.बी राणा ने बताया कि महादेव सिंह जाट पिछले दो दशक से सामाजिक, धार्मिक, पर्यावरण व राजनीतिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज सेवा कर रहे हैं। सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर महादेव सिंह जाट को यह मानद उपाधि प्रदान की गई है। इससे पूर्व जाट को टी सी प्रकाश स्मृति सम्मान 2024 से भी नवाजा जा चुका है। डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर उन्हें बधाई देने वालों में खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, भाजपा महामंत्री पूनम धर्मपाल गुर्जर, सहायक विकास अधिकारी डॉ ताराचंद शर्मा, पत्रकार रामानन्द शर्मा, सुरेंद्रसिंह काजला, महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, सुरेश कुमार घायल, अरविंद कुमार ग्राम विकास अधिकारी सत्यजीत यादव विकास कुमार ताखर राधेश्याम सैनी वीरेंद्र सिंह अशोक कुमार सुधीर कुमार अनिल कुमार प्रमोद कुमार शर्मा सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुनीता देवी महावीर प्रसाद जांगिड़ सत्यवीर यादव छोटू राम अमर सिंह खरवास सहायक विकास अधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार डॉ अरुण कुमार महेंद्र सिंह रोजगार सहायक शीशराम निनानिया एवं अखिल मित्रों अनेक सामाजिक संगठनो रिश्तेदारों और दोस्तों ने बधाई दी है। साथ ही राजनीतिक पार्टी आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर (रिटायर्ड आईपीएस अफसर), राजस्थान राज्य अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार रनीश तिवारी वरिष्ठ पत्रकार और आजाद अधिकार सेना राजनीतिक पार्टी के राजस्थान राज्य उपाध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा सिंघाना द्वारा भी श्री महादेव सिंह जाट को डॉक्टरेट उपाधि मिलने पर हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

# कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का समापन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सांगानेर दादा गुरुदेव नगर स्थित रिया इंटरनेशनल स्कूल और रिया इंटरनेशनल एकेडमी में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का शनिवार को समापन हुआ। इस अवसर पर स्कूल और एकेडमी के बच्चों ने राधा-कृष्ण के रूप रख आकर्षित नृत्य कर दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। हरे राम और बांसुरी वादन रहा आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में रिया इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर रमेश चंद शर्मा, प्रिंसिपल रश्मि मिश्रा, को-ऑर्डिनेटर परविंदर कौर, शिल्पी गौड़, मोनिका बालचंदानी, प्रियंका माथुर, इंचार्ज प्रियंका बगेत, जगदीप कौर और प्रीती पाटनी के अलावा रिया इंटरनेशनल एकेडमी डायरेक्टर शोभा शर्मा, प्रिंसिपल बी. एस. राठी और को- ऑर्डिनेटर रामजी लाल चौधरी तथा रजनीश खंडेलवाल मौजूद रहे। स्कूल और एकेडमी के स्टाफ ने कृष्ण और राधारानी के रूप रखे बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# महावीर पब्लिक स्कूल में ग्यारहवीं अंतर्विद्यालयी कत्थक-नृत्य-प्रतियोगिता का होगा आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 2 सितंबर, सोमवार को प्रातः 9:30 बजे महावीर सभा भवन में ग्यारहवीं अंतर्विद्यालयी- कत्थक-नृत्य-प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन.के.जैन (सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधिपति, कर्नाटक एवं चेन्नई हाईकोर्ट) होंगे। प्रतियोगिता में करीब 11 स्कूलों से आए कत्थक कलाकार भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना श्रीमती शिप्रा जोशी भी स्पेशल परफॉर्मेंस देंगी।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380


दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# पांच दिवसीय निशुल्क शिविर का हुआ समापन, 382 रोगी लाभान्वित



**अजमेर. शाबाश इंडिया।** वैशाली नगर स्थित छतरी योजना में दिगंबर जैन महासमिति के तत्वाधान में पांच दिवसीय आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया पर 382 लोग लाभान्वित हुए दिगंबर जैन महासमिति महिला अजमेर संभाग की अध्यक्ष रूपश्री जैन ने बताया की जबलपुर के प्रख्यात आयुर्वेदिक चिकित्सा दिनेश कुमार जैन ने निशुल्क सेवाएं दी ,इस शिविर के दौरान लाभावित मरीजो ने दिंगबर जैन महिला महा समिति की एवम वैद्य जी की बहुत हीं प्रसन्नसा की , साथ ही मांग करी की इस तरह के शिविर भविष्य में ओर लगाए जाए, इस अवसर पर बोलते हुऐ रूपश्री जैन ने बताया कि आने वाले दिनों मे बच्चों की परवरिश सम्बन्धित शिविर लगाया जायगा ।महासमिति की अनुभा जैन ,सुनीता जैन , रिंकू जैन व कार्यक्रम की सयोजक विनीशा जैन ने पांचो दिवस अपनी सेवाएं प्रदान की दिगंबर जैन महा समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी ने बताया कि शुरू में यह है शिविर त्रि दिवसीय था लोगों का रुझान व उनकी मांग को देखते हुए इसे पांच दिवस का किया गया वैध जी दिनेश कुमार जैन ने स्थानीय समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार से महिला समिति का सहयोग मुझे पहली बार देखने को मिला है, मैं बहुत ही प्रसन्न हु,वैद्य जी इस शिविर समापन समारोह में बहुत ही भावुक हो गए,कार्यक्रम के समापन पर अवसर पर दिनेश जैन का भाव बिना अभिनंदन माल्यार्पण मोमेंटो ,प्रमाण पत्र आदि के द्वारा किया गया कार्यक्रम में अजय दोषी श्रीमती मीना दोषी राकेश सेठी रिंकू सेठी अनुभव बाकलीवाल अनिल गंगवाल सुनीता गंगवाल राजकुमार लुहाड़ीया प्रेमचंद बड़जत्या उपस्थित रहे शिविर में पांचो दिवसीय सहयोग मनोज मोड़सिया का रहा।

# नेटथियेट पर ताल कथक नृत्य




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेटथियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जयपुर घराने के युवा कथक कलाकार रिदम कावा ने अपने भावपूर्ण कथक नृत्य से जयपुर जयपुर घराने के शुद्ध कथक नृत्य की बारीकियों को दर्शाया। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू बताया की सुप्रसिद्ध नृत्याचार्य पं. कन्हैया लाल की चौथी पीढ़ी के कलाकार रिदम ने शुद्ध कथक ताल, थाट, आमद, परण,फरमाइशी बातें, जयपुर कथक का फुटवर्क और चक्करदार तोडा की प्रस्तुति से जयपुर कथक को साकार किया। ज्ञात रहे की रिदम कावा सुप्रसिद्ध कथक गुरु पं. राजेंद्र राव के पोते हैं और इस कार्यक्रम की परिकल्पना भी उनकी है। कथक डांसर रिदम को बचपन से ही संगीत का माहौल मिला ।यह उनकी प्रथम प्रस्तुति है। रिदम के साथ तबले पर पं. तेजकरण कावा, नगमे और पढत पर आपके पिता और गुरु पं. जयकरण कावा और मजीरे पर मंजीरा कावा एवं आयुषी कावा ने छोटा ख्याल की एक बंदिश सावन की ऋतु आई री सजनिया की शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम को ऊंचाइयां दी। कार्यक्रम में खुशखरीद के देवेंद्र सिंधवी ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढ़वाल एवं वीरेंद्र सिंह राठौड़, मंच सज्जा जीवितेश एवं अंकित शर्मा नोनू की रही ।

# भारतीय जन संगठन एवं द इंडियन फाउंडेशन के सहयोग से आज पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कार्यक्रम में मोर ध्वज गोशाला रानोली गांव एवं बाबा हरिदास गौशाला मोहचिंगपुरा मे कुल 2200 पौधे लगाए गए। उपरोक्त दोनों स्थानों पर भारतीय जैन संगठना से राजस्थान प्लांटेशन हेड राजेश सिंघवी, द इंडियन फाउंडेशन से पवन एवं गणेश , और दोनों गोशालाओं के अध्यक्ष महोदय महेश एवं कैलाज गुप्ता। एवं स्थानीय समुदाय ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हमें इस कार्यक्रम की सफलता पर गर्व है और हम स्थानीय समुदाय के सहयोग के लिए आभारी।

# भगवान मुनिसुव्रत नाथ के जयकारों के बीच रवाना हुआ दो दिवसीय धार्मिक यात्रा दल



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के चल रहे 2550 वें निर्वाणोत्सव वर्ष में जैन धर्म के सिद्धांतो की प्रभावना करने एवं भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो सहित अहिंसा शाकाहार का प्रचार-प्रसार करने के लिए शनिवार को दुगार्पुरा के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर से दो दिवसीय धार्मिक यात्रा दल की रवानगी हुई। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के नेतृत्व में रवाना हुए इस दल में शामिल श्रद्धालु जयपुर से श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मेंहदवास, जहाजपुर स्वस्ति धाम में भगवान मुनिसुव्रत नाथ के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए क्षेत्र पर प्रवासरत गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वस्ति भूषण माता जी ससंघ से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। तत्पश्चात चांदखेडी अतिशय क्षेत्र में रात्रि विश्राम करेगें। रविवार 01 सितंबर को चांदखेडी में मूलनायक भगवान आदिनाथ के अभिषेक, शांतिधारा एवं मंदिर दर्शन के बाद पूजा अर्चना करेंगे। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक यात्रा दल रविवार 01 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे झालरापाटन के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पहुंचकर छोटा गिरनार बापू गांव एवं चाकसू के आदिश्वर धाम प्रणेता आचार्य प्रज्ञा सागरजी महाराज की जन्म जयंती समारोह में सहभागिता निभायेगा। आचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त कर सायंकाल जयपुर के लिए प्रस्थान करेगा। श्री जैन के मुताबिक यात्रा दल में शामिल श्रद्धालुओं ने जहाजपुर स्वस्तिधाम में भू गर्भ से प्रकटित भगवान मुनिसुव्रत नाथ के दर्शन लाभ प्राप्त करने के बाद गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वस्ति भूषण माता जी ससंघ को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर क्षेत्र कमेटी की ओर से अध्यक्ष विनोद जैन टोरडी ने सभी का भावभीना स्वागत किया। यात्रा दल में राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, जयपुर जिला कार्याध्यक्ष कमल सरावगी, जिला महामंत्री सुभाष बज, सांगानेर सम्भाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया, समाजश्रेष्ठी मनोज सोगानी पहाडी वाले, जगतपुरा दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष कमल वैद, रवि जैन, मनीष सेठी, सौरभ जैन सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए।

# जहां धन गौण होता है वहां धर्म का बोलबाला होता है: मुनि प्रणम्य सागर

## जयपुर में पहली बार मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर चल रहा पार्श्व पुराण का वाचन, पार्श्वनाथ कथा में उमड़े श्रद्धालु, मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर सोमवार को प्रातः 8.15 बजे होगी धर्मसभा





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से रविवार को मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण में बारह भावनाओं का वाचन किया गया। जिसमें मुनि श्री ने कहा कि हर क्रिया के पीछे एक कारण होता है। उस कारण को खोजना जैनिज्म है। कर्मों के निरंतर प्रवाह की प्रक्रिया आश्रव कहलाती है। आश्रव का सबसे बड़ा कारण मिथायत्व है। मुनि श्री ने बताया कि कर्मों के आगमन को रोकना संवर है। जहां धन प्रमुख हो जाता है, वहां धर्म गौण हो जाता है और जहां धन गौण होता है वहां धर्म का बोलबाला होता है। मुनिश्री ने निर्जरा को समझाते हुए कहा कि सतगुरु की शरण में जाकर तपो के द्वारा हम अपने कर्मों की निर्जरा कर सकते हैं। संवर और निर्जरा से हमारी आत्मा मे कर्मों के अभाव से सम्यक ज्ञान प्रकाशित होता है।

मुनिश्री ने कहा जो जिन शासन की प्रभावना में लगा रहता है, उसे दरिद्रता छू नहीं सकती। इससे पूर्व आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढाया गया। पांडिचेरी से पधारे सााजश्रेष्ठी विमलचंद- संतरा देवी, श्रीपाल- मंजू जैन द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात मुनि प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेट करने का पुण्यार्जन प्राप्त किया। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा व कार्यकारिणी सदस्य अशोक छाबड़ा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया इस मौके पर मुख्य सूचना आयोग आयुक्त महेंद्र कुमार पारख रिटायर्ड आईएएस ने मुनिश्री को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अध्यक्ष अनिल जैन एवं मंत्री सुनील बज के नेतृत्व में महावीर नगर दिगम्बर जैन समाज एवं अध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद, महामंत्री नवीन सांघी के नेतृत्व में श्री मुनिसंघ सेवा समिति बापूनगर जयपुर ने मुनिश्री को अपनी कालोनी में प्रवास के लिए श्रीफल भेंट किया। समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सोमवार, 02 सितम्बर को प्रातः 8.15 बजे श्री पार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की पूजा एवं मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें। मुनि श्री की आहारचर्या प्रातः 9:40 बजे होगी। दोपहर में 3.00 बजे शास्त्र चर्चा होगी। गुरुभक्ति एवं आरती सांय 6:30 बजे एवं वैयावृत्ति रात्रि 8:30 बजे होगी।

# युवा मंच की जेजेपीएल लीग में युवाओं में भारी उत्साह







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन युवा मंच द्वारा आयोजित की जा रही जनकपुरी- ज्योतिनगर प्रीमियम लीग ( जे जे पी एल ) 2024 में युवा वर्ग धर्म भावना के साथ भारी उत्साह से भाग ले रहे है। मंच के अध्यक्ष अमित शाह ने बताया कि अफ्छ -खखढछ लीग के मेच शनिवार से शुरू होकर रविवार को प्रातः से ही चल रहे हैं जिसमें पुरुष , महिलायें व बालकों की पंद्रह टीम भाग ले रही है इस लीग के प्रायोजक एआरएल के प्रमोद पहाड़ियां, स्वप्नलोक के सुभाष पाटनी व बिलालाज के पदम जैन बिलाला है। एम्पायर नवीन जैन मित्र पुरा व अजीत जैन गोदिका तथा कमेंट्री राकेश जैन द्वारा की जा रही है। मंत्री प्रतीक जैन व उपाध्यक्ष नीरज जैन ने बताया कि शनिवार को उद्घाटन पदम पारस जैन बिलाला ने तथा दीप प्रज्वलन स्थानीय विधायक काली चरण सर्राफ ने किया । सभी मेच नमोकार पाठ के साथ प्रारंभ किए जा रहे है रविवार को तीनो प्रायोजकों का युवा मंच के सदस्यों व समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा तिलक माला दुपट्टा व साफा पहनाकर सम्मान किया गया साथ ही प्रायोजकों द्वारा अभी तक हुए मेच के मेन ऑफ दी मेच के पुरुष्कार खिलाड़ियों को दिये गये । कार्यक्रम अनुज पांड्या , राजा जैन, आदि के सहयोग से बहुत ही व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जा रहा है। फाइनल परिणाम देर रात तक आने की संभावना है ।